वर्ष 14 अंक 85
कुल पेज 14
नगर संस्करण
कीमत ₹ 4.50
श्रावण मास कृष्ण पक्ष एकादशी स. 2078
भोपाल, बुधवार 04 अगस्त, 2021
www.naidunia.com

नई सोच, नया अंदाज
नवदुनिया
भोपाल (नवदुनिया), इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित

संवैधानिक दायरे में सियासी लाभ 8
संसद ठप करना संविधान और लोकतंत्र का अपमान : मोदी 13

बढ़ी रौनक राजा भोज एयरपोर्ट पर यात्रियों की दैनिक संख्या 2500 के पार हुई, 15 में से 13 उड़ानें फिर शुरू हुईं

एयर ट्रैफिक पर कोरोना का असर समाप्ति की ओर

दिलीप मंगतानी • भोपाल

कोरोना संकट के कारण एयरलाइंस कंपनियों और एयरपोर्ट अथारिटी को वहुत नुकसान उठाना पड़ा था। संक्रमण के खतरे के कारण विमान से सफर करने वालों की संख्या 80 फीसद तक कम हो गई थी पर अव यह वीते दिनों की वात हो गई है। भोपाल एयरपोर्ट की रौनक फिर से लौट आई है। हवाई यातायात पर कोरोना का असर समाप्ति की ओर है।

कोरोना की पहली लहर के समय दो माह तक घरेलू उड़ानें वंद रही थीं। दूसरी लहर के दौरान हवाई यातायात पूरी तरह वंद नहीं हुआ लेकिन कई पावंदियों और संक्रमण के खतरे के कारण यात्रियों ने ही सफर करना वंद कर दिया। नतीजतन एयरलाइंस कंपनियों को अपनी उड़ानें अस्थाई रूप से वंद करनी पड़ी। राजा भोज एयरपोर्ट से कुछ समय तक एक भी उड़ान का संचालन नहीं हुआ। दो उड़ानों के साथ एयर ट्रैफिक पुन: शुरू हुआ था लेकिन यात्रियों का टोटा वना हुआ था। अव स्थिति सामान्य हो रही है।

राजा भोज एयरपोर्ट पर यात्री संख्या वढ़ने से चहल पहल दिखने लगी है। • नवदुनिया

13 उड़ानों का संचालन शुरू हुआ: कोरोना काल से पहले भोपाल से 15 जोड़ी उड़ानों का संचालन हो रहा था। अव 15 में से 13 जोड़ी उड़ानों का संचालन फिर से शुरू हो गया है। यात्रियों की संख्या तेजी से वढ़ रही है। यात्रियों की औसत संख्या 2500 से भी अधिक हो गई है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार जून माह में राजा भोज एयरपोर्ट से 26 हजार 506 यात्रियों ने सफर किया। इस दौरान 264 विमानों ने फेरे लगाए। जुलाई के अधिकृत आंकड़े अभी जारी नहीं हुए हैं लेकिन अनुमानित संख्या 50 हजार हो सकती है। अगस्त की शुरुआत के साथ ही संख्या फिर वढ़ी है। अव औसत ढाई हजार यात्री प्रतिदिन सफर कर रहे हैं। माना जा रहा है कि विंटर सीजन में भोपाल फिर एक लाख मासिक यात्री संख्या वाले क्लव में शामिल हो जाएगा।

इन शहरों तक सीधी उड़ान: वर्तमान में भोपाल से दिल्ली एवं मुंवई के अलावा हैदराबाद, वेंगलुरु, प्रयागराज एवं तक सीधी उड़ान सुविधा है। वेंगलुरु उड़ान चेन्नई भी जाती है। अगले माह तक अहमदावाद एवं आगरा उड़ान भी शुरू होने की उम्मीद है। इन दोनों उड़ानों के साथ ही एयर ट्रैफिक कोरोना से पहले की स्थिति में आ जाएगा। लखनऊ, कोलकाता, रायपुर एवं जयपुर उड़ान भी शुरू होने की संभावना है।

> वर्तमान में डीजीसीए की ओर से 65 फीसदी क्षमता तक उड़ान संचालन की अनुमति है, इस कारण कुछ उड़ानें शुरू नहीं हो पा रही है। पावंदी हटते ही भोपाल से एयर ट्रैफिक तेजी से वढ़ेगा। स्थिति सामान्य होने लगी है।
>
> – **केएल अग्रवाल**, एयरपोर्ट डायरेक्टर